उत्तर प्रदेश शासन

मत्स्य उत्पादन अनुभाग

संख्या- 37/2022 /1115/सत्रह-म-2022-6-9(71)/96

लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर, 2022

<u>कार्यालय-आदेश</u>

श्री एन0एस0 रहमानी, उप निदेशक मत्स्य/मुख्य महाप्रबन्धक, उ0प्र0 मत्स्य विकास निगम लि0 लखनऊ को चयन समिति की संस्तुति के दृष्टिगत चयन वर्ष 2017-18 हेतु संयुक्त निदेशक मत्स्य की 01 उपलब्ध रिक्ति के सापेक्ष संयुक्त निदेशक मत्स्य,(ग्रेड वेतन रू0 7600/- पुनरीक्षित वेतनमान मैट्रिक्स लेवल-12) के पद पर पदोन्नत करते हुए श्री रहमानी को मत्स्य निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ में संयुक्त निदेशक मत्स्य के रिक्त एकल पद पर तैनात किये जाने की श्री राज्यपाल द्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2- प्रश्नगत पदोन्नति का आदेश प्रकरण से सम्बंधित विभिन्न मा0 न्यायालयों/ मा0 अधिकरणों के समक्ष प्रचलित रिट याचिकाओं/ निर्देश याचिकाओं में पारित होने वाले अन्तिम निर्णय के अधीन निर्गत किया जाता है।

3- श्री रहमानी को पदोन्नति के पद पर योगदान देने की तिथि से ही संयुक्त निदेशक मत्स्य के पद पर पदोन्नत माना जायेगा।

डा0 रजनीश दुबे

अपर मुख्य सचिव।

<u>संख्या- 37/2022/ 1115 (1) /सत्रह-म-2022 तददिनांक</u>

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

(1) महालेखाकार,उत्तर प्रदेश प्रयागराज।
(2) स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
(3) विशेष कार्याधिकारी, कृषि उत्पादन आयुक्त उत्तर प्रदेश शासन।
(4) निदेशक मत्स्य, मत्स्य निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
(5) प्रबन्ध निदेशक,उत्तर प्रदेश मत्स्य विकास निगम लि0 लखनऊ।
(6) मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी जवाहर भवन लखनऊ।
(7) कार्मिक अनुभाग-1 उत्तर प्रदेश शासन।
(8) संयुक्त निदेशक,राजकीय मुद्रणालय प्रयागराज को सरकारी गजट के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ।
(9) प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 मत्स्य जीवी सहकारी संघ लि0 लखनऊ।
(10) वित्त एवं लेखाधिकारी, मत्स्य निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ।
(11) सम्बंधित अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि नव प्रोन्नत पद का कार्यभार ग्रहण करते हुए कार्यभार प्रमाणक शासन को अतिशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
(12) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(आर0 पी0 सिंह)

उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasnadesh.up.nic.com